
# जवानों ने दी कानून की जानकारी



छुरिया। संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आईटीबीपी के जवानों ने विद्यार्थियों को संविधान के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय तथा रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय में संविधान दिवस समारोह एवं मूल अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बल के कमांडेंट नरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संविधान के नियमों का पालन करने व जीवन में सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि संविधान ने समाज के हर व्यक्ति को समानता का अधिकार दिया। स्त्री-पुरुष, जाति, धर्म, क्षेत्र आदि के भेदभाव को कम करके सबको बराबरी पर लाया है। संविधान से सीख ले कर समाज में भेदभाव, जाति प्रथा, दहेज प्रथा आदि समाजिक बुराईयो को दूर करें। इस दौरान उन्होंने बताया कि अनुशासन, स्वास्थ्य और शिष्टाचार जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# सर्तकता प्रतिज्ञा का आयोजन



क्रांतिकारी संवाददाता

छुरिया। शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'सर्तकता प्रतिज्ञा' दिलाई। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील होकर कार्य करना चाहिए।

हम अपने सामूहिक प्रयास से देशवासियों को सिद्धांतों पर आधारित सेवा प्रदान कर सकेगें, तथा भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाने में अपना योगदान प्रदान करेगें। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

GOVT.R.S.M.D.COLLEGE CHHURIA

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# स्वीप प्लान के तहत निकाली मतदाता जागरुकता रैली



छुरिया कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

छुरिया।

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में स्वीप प्लान कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। जिसमें छत्र-छात्राओं द्वारा ने मतदाताओं को विभिन्न नारों द्वारा जागरूक करने का प्रयास किया गया। ताकि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। रैली महाविद्यालय से होकर बस स्टैण्ड छुरिया और एवं नगर पंचायत की विभिन्न गलियों पर निकाली गई। रैली प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. एचएस भाटिया, नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे, एके गौर एवं अन्य समस्त सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# स्वीप प्लॉन के तहत मतदाता जागरूकता रैली

नवभारत संवाददाता। छुरिया

विगत दिवस मतदाता जागरूकता हेतु शासकीय महाविद्यालय छुरिया में कार्यक्रम आयोजित किये गये. जिसके तहत महाविद्यालय में चित्रकला, नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता एवं शपथ, मतदाता जागरूकता में व्याख्यान का आयोजन किया गया. महाविद्यालय से रैली प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई.

यह रैली महाविद्यालय से बाजार चौक छुरिया, सरस्वती शिशु मंदिर, घियोला रोड़, पुराना बस स्टैंड एवं या बस स्टैंड , प्रमुख गली-चौराहों से होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर आयी. स्वीप प्लॉन के नोडल अधिकारी डॉ.सुषमा चैरे ( नेताम ) ने पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी दी. मतदाताओ को जागरूक करने के



लिए नारा लगाया गया, पोस्टर के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया. रैली को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी छात्र-छात्राए तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एच.एस. भाटिया, ए.के.गौर सहा.प्राध्यापक हिन्दी एवं सभी अतिथि व्याख्यातागण का योगदान रहा.

## आज सामान्य ज्ञान स्पर्धा

**डोंगरगढ़.** नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर स्थित श्याम रिसार्ट में 2 अक्टूबर को गुरु पाठशाला कमेटी के तत्वावधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परिक्रमा 2018 का आयोजन किया गया है.

कमेटी के अध्यक्ष प्रमेश विजयवार ने बताया कि स्पर्धा में राष्ट्रीयता, भारतीय कला एवं संस्कृति, स्वदेशी खेल व स्वच्छ भारत मिशन विषय शामिल रहेगा जो कि स्पर्धा शाम 6.30 बजे प्रारंभ होगी. स्पर्धा में 10 से अधिक स्कूलों के बच्चे हिस्सा ले रहे.

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# कालेज में हुआ वीवीपीएटी का प्रदर्शन

**छुरिया। नईदुनिया न्यूज**


शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में 13 अक्टूबर को स्वीप प्लॉन के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में केन्द्रीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने सहज, सुघड़, समावेशी मतदान पर मुख्य रूप से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मतदान के लिए स्वयं जागरूक होने के साथे-साथ अपने आस-पास के लोगों को जिसमें अधिकाधिक महिलाएं, दिव्यांग आदि को जागरूक करने के लिए संबोधित किया एवं ईवीएम वीवीपीएटी का प्रदर्शन कर इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। लगभग सभी विद्यार्थियों ने वीवीपीएटी का प्रयोग कर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे, डॉ. एनएस नरेटी, एके गौर तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।




विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी। फोटो नईदुनिया

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




क्रांतिकारी संवाददाता

**छुरिया।** शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में केन्द्रीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र शर्मा ने 'सहज, सुघड़, समावेशी मतदान पर मुख्य रूप से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मतदान के लिए स्वयं जागरूक होने के साथ साथ अपने आस-पास के लोगों को जिसमें अधिकाधिक महिलाएं, दिव्यांग आदि को जागरूक करने के लिए संबोधित किया एवं ईवीएम वीवीपीएटी का प्रदर्शन कर इसके बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। लगभग सभी विद्यार्थियो ने वीवीपीएटी का प्रयोग कर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), डॉ एनएस नरेटी, एक गौर तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव

# स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान करने के संबंध में दिलाई शपथ



क्रांतिकारी संवाददाता

**छुरिया।** शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में मंगलवार को स्वीप प्लान कार्यक्रम के अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों सहित मतदान करने के संबंध में शपथ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एन.एस. भाटिया के मार्गदर्शन में शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे, डॉ.एन.एस.नरेटी, श्री ए.के. गौर सहा.प्राध्या हिन्दी, धर्मेन्द्र कन्नौजे सहा.प्राध्या. समाजशास्त्र, समस्त अतिथि व्याख्यातागण एवं वरिष्ठ लिपिक ए.के रामटेके, टी.आर मंडावी (प्रयोगशाला तकनीशियन), चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में श्री यी. एल ध्रुव, श्री के.के. जांगड़े, हिमांशु शेखर यादव, तोरण चतुर्वेदी, रूपेश आर्य, श्री खोमेन्द्र कुमार भुआर्य, गुलाबचंद साहू आदि उपस्थित रहे। तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# कॉलेज में मनाया संविधान दिवस


**छुरिया।** स्थानीय रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय में गत दिनों संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने संविधान दिवस की बधाई दी एवं विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान की



महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें संवैधानिक व्यवस्था का पालन करते हुए अपने अधिकारों एवं दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एचएस भाटिया, डॉ. एनएस नरेटी, डॉ. सुषमा चौरे, एके गौर, धर्मेन्द्र कन्नौजे, व्याख्याता, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठन किया।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# छुरिया महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित




क्रांतिकारी संवाददाता

छुरिया। शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में शुक्रवार को विद्यार्थियों जिन्होंने एक जनवरी 2019 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है। उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेन्द्र शर्मा ने तहसीलदार छुरिया एसके कंवर का स्वागत किया एवं अपने उद्बोधन में मतदान के अधिकार के महत्व को बतलाया एवं उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रेरित किया। तहसीलदार श्री कंवर ने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म 06 का विस्तार से वर्णन किया एवं उसे भरने का तरीका समझाया इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वीप प्लॉन के नोडल अधिकारी डॉ सुषमा चौरे (नेताम), वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एचएस भाटिया, आकाश शर्मा, कार्यालय सहायक तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# 18 वर्ष पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने कहा

छुरिया। शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी कॉलेज में शुक्रवार को वे छात्र जिन्होंने 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए, उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने तहसीलदार छुरिया एसके कंवर का स्वागत किया। उन्होंने मतदान के अधिकार के महत्व को बतलाया। उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रेरित किया। तहसीलदार कंवर ने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म 6 का विस्तार से वर्णन किया, उसमें सावधानी से भरने का तरीका समझाया।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# स्वीप प्लॉन के अंतर्गत मतदान करने के संबंध में मे शपथ



क्रांतिकारी संवाददाता

**छुरिया।** शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में आज 08 मार्च को स्वीप प्लान कार्यक्रम के अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों सहित मतदान करने के संबंध में शपथ प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), श्री ए.के. गौर सहा. प्राध्या. हिन्दी, वरिष्ठ लिपिक ए.के. रामटेके, टी.आर. मंडावी (प्रयोगशाला तकनीशियन), चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में बी.एल. ध्रुव, के.के. जांगड़े, हिमांशु शेखर यादव, गुलाबचंद साहू आदि उपस्थित रहे। तथा छात्र-छात्राएं भी...

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# महाविद्यालय में मतदान कराने की शपथ

छुरिया। रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में शुक्रवार को स्वीप प्लान कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को मतदान करने के संबंध में शपथ प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), ए.के. गौर सहा.प्राध्या.हिन्दी, वरिष्ठ लिपिक ए.के.रामटेके, टी.आर.मंडावी (प्रयोगशाला तकनीशियन), चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में बी.एल. धुरव, के.के.जागड़े, हिमांशु शेखर यादव, गुलाबचंद साहू आदि उपस्थित रहे।

(नईदुनिया न्यूज)

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

## कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया जिला – राजनांदगांव,

### संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता

स्थानीय शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में डॉ. के.एल. टाण्डेकर प्राचार्य के निर्देशन में एवं डॉ. एच.एस. भाटिया प्रभारी प्राचार्य के मार्गदर्शन में दिनांक 26.11.2019 को संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता नांदेश्वर बी.ए. भाग द्वितीय एवं द्वितीय स्थान रवि कुमार बी.एस.सी. प्रथम ( गणित ) और तृतिय स्थान संवेदना सिंह बी.ए. भाग तृतिय ने प्राप्त किया । विद्यार्थी प्रतिभागियों को प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफगण ने बधाईया दी।



प्राचार्य

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया जिला – राजनांदगांव,

## मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर, के निर्देशन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. एच.एस. भाटिया के मार्गदर्शन में आज दिनांक 25.01.2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी /कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों सहित मतदान करने के संबंध में शपथ प्रभारी प्राचार्य डॉ. एच. एस. भाटिया के द्वारा दिलायी गयी, सभी मतदाताओ को " हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गारिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें " की शपथ दिलायी गयी । इस शपथ कार्यक्रम में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी डॉ. एन.एस. नरेटी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), श्री टी. आर मंडावी (प्रयोगशाला तकनीशियन), अतिथि व्याख्याताओं में श्रीमति पुष्पलता जैन, सुश्री वर्षा हरिहारानो, श्री परमेश्वर साहू, श्री राकेश कुमार अमिला, श्री गन्नू साहू, श्री शैलेन्द्र देवांगन, आदि उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राए भी अपस्थित रहे।




प्र. प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय,
छुरिया जिला – राजनांदगांव,

# छुरिया महाविद्यालय में सविधान दिवस मनाया गया

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में दिनांक 26.11.2020 को शासन के निर्देशानुसार डॉ.बी. आर. अम्बेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्र.प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ–साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सभी कर्मचारियों के साथ पढ़ते हुए उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव